फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 7063 / एम—6 / 103 दिनांक 22/06/2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 20.06.2026 को "जल जीवन मिशन की शिकायतों की झड़ीः जगदीशपुर के चौपाल में बिजली और राशन की समस्याएं भी रखी, 10 दिन में समाधान का आश्वासन" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 20.06.2026 को "जल जीवन मिशन की शिकायतों की झड़ीः जगदीशपुर के चौपाल में बिजली और राशन की समस्याएं भी रखी, 10 दिन में समाधान का आश्वासन" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना— भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम जगदीशपुर में कुल 175 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है, किन्तु लोक निर्माण विभाग द्वारा चील्ह से गोपीगंज मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान पूर्व में बिछायी गयी मुख्य पेयजल पाइप लाइन एवं हाउस कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सन्दर्भित ग्राम की जलापूर्ति बाधित है। उक्त समस्या के समाधान हेतु लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है, लोक निर्माण विभाग द्वारा खोदी गयी सड़क का चौड़ीकरण के उपरान्त पेयजल पाइप लाइन दुरूस्त कर जलापूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता